Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 04-03-2022 अंक 158

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## रसोइया धमना के पास हुई दर्दनाक सड़क हादसा में एक की मौत, चालक फरार

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही थाना अंर्तगत रसोइया धमना के समीप हुई दर्दनाक सड़क हादसा मे एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक सड़क पार करने के दौरान वाहन संख्या UP70FT 2257 के चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिससे घटनास्थल पर सैकड़ों लोग जमा हो गए वहीं वाहन चालक भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। वहीं छ•2 पर लंबा जाम लग गया। आस पास के लोगो नेबिस बात की सूचना बरही प्रशासन को दी वहीं एएसआई सुनील तिवारी ने अन्य जवानों के साथ तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और गैस टैंकर को जब्त कर बरही थाना ले आई। जिसके बाद जाम को हटाया गया । हालाकि मृतक का पहचान नही हो पाया है। बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि मृतक का छानबीन की जा रही है। हालांकि बरही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया।

## खड़ी ट्रक का तिरपाल काट कर 252 पेटी रिफाइन तेल की चोरी, ट्रक चालक ने थाना में दर्ज कराई प्रथमिकी

### गया रोड स्थित महालक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी में उतरना था माल

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित




धनबाद रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के बगल में खड़ी ट्रक से तिरपाल काट कर 252 रिफाइन तेल की पेटी चोरी कर ली गई है। इस बाबत ट्रक चालक देव नारायण यादव पिता प्रसादी यादव आलहा थाना जयनगर जिला कोडरमा निवासी ने बरही थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की प्रथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्रथमिकी में सूचक ट्रक चालक ने बताया कि मैं 12 चक्का गाड़ी नंबर डब्लूडी 12 डी / 8935 जो कि जयश्री राय पिता बालमुकुंद राय ग्राम अंबिका कुंडू वायलिन हावड़ा पश्चिम बंगाल के रहने वाले के नाम पर दर्ज है .। इसी गाड़ी का मैं चालक हूं । उक्त गाड़ी में दिनांक 23 फरवरी 2022 को अदानी विल्मर लिमिटेड हल्दिया वेस्ट बंगाल से रिफाइन 2480 पेटी लोड कर बरही के लिए चला था। जिसका बिल्टी नंबर 29859 दिनांक 23 फरवरी 2022 है इनवॉइस नंबर 19 1921 111 231 दिनांक 23 फरवरी 2022 है। माल का कुल कीमत 30 लाख 89 हजार 439 रुपए है । यह माल महालक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी गया रोड बरही जिला हजारीबाग झारखंड के प्रोपराइटर अजय कुमार के यहां खाली करना था । 25 फरवरी 2022 को हम बरही पहुंचकर प्रोपराइटर से बात किया। उन्होंने बोला आज हमारे यहां पहले से दूसरा ट्रक आया हुआ है ।आज उसे खाली करवाना मुश्किल है। इसलिए आपका ट्रक कल सुबह खाली होगा । मैं उक्त गाड़ी को दिनांक 25 फरवरी 2022 को रात्रि 11:00 बजे बरही थाना अंतर्गत इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के बगल में खड़ी कर उसी में सो गया । अगले सुबह दिनांक 26 फरवरी 2022 को समय लगभग 4:00 बजे सो कर उठे और गाड़ी के नीचे उतरे तो देखा कि मेरा गाड़ी का पीछे का ति. रपाल कटा हुआ है और उसमें रखा माल में से कुछ पेटी रिफाइन तेल गायब है । मुझे पूर्ण विश्वास है कि रात्रि का अंधेरा पाकर मेरे गाड़ी में लगे त्रिपाल को काटकर अज्ञात चोरों द्वारा माल चोरी कर ली गई है । इसकी जानकारी प्रोपराइटर अजय कुमार को दिया । साथ ही स्थानीय थाना को भी जानकारी दिया । सूचना पाकर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए दिनांक 27 फरवरी 2022 को स्थानीय पुलिस प्रोपराइटर उपस्थिति में कुल बचा माल की गिनती करवाई। जिसमें पता चला कि कुल 252 पेटी माल की चोरी हुई है। आवेदक ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुट गई है।

## खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर 13 को खतियान महापंचायत

### कटकमसांडी में होगा महजुटान माटी का स्वाभिमान आंदोलन को लेकर हज़ारीबाग़ कमिटी गठित

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित




खतियान आधारित स्थानीय नीति की माँग को लेकर हज़ारीबाग़ निर्मल महतो पार्क में एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में आगे की रणनीति तैयार की गयी. हज़ारीबाग़ में आंदोलन को धार देने को लेकर चर्चा हुई. बैठक शुरु होने से पूर्व शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया. बैठक में माटी का स्वाभिमान आंदोलन के प्रदेश संयोजक संजय मेहता ने अपने विचार रखे. संजय मेहता ने कहा की पूरा झारखंड जाग गया है. हर कोने से आवाज़ आ रही है. हर ज़िले में आंदोलन हो रहा है. सरकार को इस पहलू पर जल्द फैसला लेने की ज़रूरत है. यह जनभावना को सम्मान देने की बात है. बैठक में माटी का स्वाभिमान आंदोलन के हज़ारीबाग़ संयोजक विजय सिंह भोक्ता ने कहा कि झारखंड निर्माण के दो दशक से ज़्यादा वक्त बीत जाने के बाद भी अब तक झारखंड की स्थानीय नीति का झारखंडी जन भावनाओं के अनुरूप परिभाषित न होना दुर्भाग्य की बात है. सह संयोजक अलाउद्दीन अंसारी ने कहा कि झारखंड में झारखंड के ही लोगों की हकमारी की जा रही है. नौकरी में झारखंड के लोगों को नी. तिगत तौर पर अवसर नहीं मिल पा रहा है. ज़िला मीडिया प्रभारी मनोहर माली ने कहा कि बिना नीति नियुक्ति होना अवसर की समानता के संवैधानिक अधिकार को कुचलने के समान है. सरकार को संविधान के मूल्यों का भी ख्याल रखना होगा. राम जी ने कहा कि देश के सभी राज्यों की अपनी – अपनी स्थानीय नीति है. लेकिन आज तक झारखंड में झारखंडी जन भावनाओं के अनुरूप स्थानीय नीति नहीं बन पायी. जिसके कारण नियोजन की समस्या आ रही है. आर्यकांत ने कहा की स्थानीय नीति ही नियोजन नीति को तय करेगा. झारखंड की नौकरियों में पहला अधिकार झारखंड के लोगों का होना चाहिए. प्रशांत ने कहा की राज्य के भीतर झारखंडी जन भावनाओं के आधार पर ही सरकारी और प्रशास. निक निर्णय लेने होंगे. अब तक झारखंडी जनता को छला गया है. इसलिए माटी का स्वाभिमान आंदोलन के माध्यम से सरकार को आग्रह किया जा रहा की सरकार खतियान आधारित स्थानीय नीति को लागू करे. भोला शंकर गुप्ता ने कहा कि राज्य की नियुक्ति में दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों का दख़ल हो जा रहा है. तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में भी झारखंड के लोगों को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहा है. झारखंड में कौन झारखंडी है इसकी परिभाषा न तय होना बड़े दुर्भाग्य की बात है. किशोरी राणा ने कहा कि झारखंड में हर नियुक्ति प्रक्रिया विवादों में फँस जा रही है. एक भी नियुक्ति सही से नहीं हो पा रही है. जेपीएससी जैसी संस्था पर अनियमितता का आरोप है. ऐसे में राज्य के नौजवानों के समक्ष अपने भविष्य को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है. सरकार को इन बिंदुओ पर विचार करना चाहिए. इस बैठक में दो दर्जन से अधिक लोग शामिल हुए. 13 को कटकमसांडी में खतियान महापंचायत कटकमसांडी प्रखंड मैदान में 13 मार्च को खतियान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है. इसमें सम्पूर्ण हज़ारीबाग़ के लोग शामिल होंगे. इस कार्यक्रम में राज्य स्तर के नेता भी शामिल होंगे. बंदी वापस लें बाहरी लोग माटी का स्वाभिमान आंदोलन समिति के लोगों ने एक स्वर में कहा की जिन बाहरी लोगों ने 6 मार्च को बंदी का एलान किया है उन्हें झारखंडी जन भावनाओं का सम्मान करते हुए यह बंदी वापस ले लेना चाहिए. और उन्हें भी खतियान आधारित स्थानीय नीति का समर्थन करना चाहिए. उनके बंदी करने से झारखंड के लोगों में बाहरी लोगों के प्रति और घृणा पनपेगी. माटी का स्वाभिमान हज़ारीबाग़ कमिटी गठित आंदोलन को आगे बढ़ाने लिए माटी का स्वाभिमान आंदोलन की हज़ारीबाग़ कमिटी गठित की गयी. कमिटी में हज़ारीबाग़ ज़िला संयोजक विजय सिंह भोगता, ज़िला सह संयोजक अलाउद्दीन अंसारी एवं सूरज कुमार, ज़िला सचिव विजय मेहता, कोषाध्यक्ष राम कुमार, मीडिया प्रभारी मनोहर माली, कार्यसमिति सदस्य में कुणाल कुमार, प्रशांत कुमार,कैलाश गंझू, मक़सूद आलम, सद्दाम अंसारी, अलिज़ान अंसारी, आरिफ़ अंसारी, शेर अली, राजीव कुमार, आदित्य कुमार, मुकेश कुमार, आर्यकांत मेहता, राजा कुमार, कौलेश्वर साहू, भोला शंकर गुप्ता, जेपी मेहता, कैलाश मेहता, किशोर मेहता, बासुदेव साव, विजय कुमार, पिंटू गंझू को शामिल किया गया है.

## विषपान से युवक गंभीर, रेफर

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही थाना अंतर्गत कोनरा पंचायत के शादी मुहल्ला निवासी सनुवर अंसारी उम्र 35 वर्ष पिता स्व रफीक अंसारी घरेलू विवाद से परेशान होकर विषपान कर लिए। जिससे वह गंभीर हो गए। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया । जहां से प्राथ. मिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## मारपीट में 60 वर्षीय बुजुर्ग हुआ घायल, रेफर

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



पदमा प्रखंड अंतर्गत चंपाडीह निवासी बखोरी गोप उम्र 60 वर्ष पिता स्व मनोहर यादव आपसी विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गए। घायल बुजुर्ग को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## श्री श्री 108 शतचंडी हवणत्मक महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन

### 1151 कुवारी कन्या एवं महिलाओं ने उठाया कलश



**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड के ग्राम पंचायत सुदन में श्री श्री 108 हवणत्मक महायज्ञ--मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी हवणत्मक महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया स्थानीय ग्रामीणों के सौजन्य से निकाली गई कलश यात्रा में 1151 कुवारी कन्या एवं महिलाएं शामिल हुई। कलश यात्रा सुदन यज्ञ मंडप से जल याचमन के लिए मानगो,अलगडीहा, बडानो होते हुए जल लेने के लिए उत्तर वाहिनी बराकर नदी बड़ानो घाट पहुंची। जहां यज्ञाचार्य राजेश पांडे शास्त्री जी की अगुवाई में मुख्य पुजारी सुरेंद्र मोदी ने तमाम देवी देवताओं का आहान कर अपने-अपने कलश में जल भर कर वापस भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचे और यज्ञ मंडप में कलश को रखा। कलश यात्रा में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी जिप सदस्य कुमकुम देवी कोडरमा जिप सदस्य शांति प्रिया सांसद प्रति. निधि केदार साव ,सुखदेव यादव विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल ऐपवा अध्यक्ष सविता सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव उप प्रमुख दुर्गा यादव, पूर्व उप प्रमुख भिखी सिंह, राम प्रसाद यादव, अशोक यादव, भा. जपा युवा मोर्चा अध्यक्ष वासुदेव यादव, शंकर ठाकुर,दशरथ यादव, भुनेश्वर दास नंदलाल पांडेय,लखन साव,आलोक सिंह, सुनील पासवान, महावीर ठाकुर, रमेश पंडित, धनेश्वर पंडित, बसंत पांडेय, रामदेव यादव, महेश राम, रा. जूराम, पिंटू मोदी, राजेश यादव, महेश पंडित,संतोष मोदी,अवधेश सिंह, बसंत चौधरी,एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## कोडरमा सांसद से चलकुशा भाजपा मंडल ने किया मुलाकात

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी से चलकुशा भाजपा मंडल ने किया मुलाकात ।सांसद को चलकुशा की जनता से जुड़ी जनसमस्याओं जैसे चौबे रेलवे स्टेशन पर हावड़ा जम्मू तवी सियालदह एक्सप्रेस का ठहराव चौबे टेन प्लस टू उच्च विद्यालय में चारदीवारी, मनैया विद्यालय में चार दिवारी,बरियौन,मसकेडीह पुल के निकट ओवर ब्रिज चलकुशा एफ सी आई गोदाम की मरम्मती जैसी अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया ।स. ांसद ने लोगों को विभाग से बात कर निष्पादन करने का आश्वासन दिया ।मौके पर मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी , मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह, मुन्ना यादव, राजेंद्र साव ने मुलाकात कर रखा जन समस्याएं।




## अंचलाधिकारी भ्रष्ट अधिकारी हैं, बिना घुस के दाखिल खारिज नहीं होता – भाकपा

### रवैये में सुधार लाये अधिकारी नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : महादेव राम

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**




भाकपा अंचल कमिटी चंदवारा के द्वारा प्रखंड मुख्यालय चंदवारा के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। धरना के पूर्व पुराना थाना चौक चंदवारा से सैकड़ों की संख्या में जुलूस की शक्ल में प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। जुलूस का नेतृत्व अंचल मंत्री स. च्चदानंद पांडेय, बहादुर कुशवाहा, सिकंदर कुमार आदि कर रहे थे। इस दौरान लोगों ने इंकलाब जिंदाबाद, चंदवारा बीडीओ- सीओ होश में आओ, दाखिल-खारिज एवं जमीन अ०नलाइन में कम. ीशन खोरी लेना बंद करो, छूटे हुए गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना अभिलंब देना होगा, मन. रेगा योजना में जेसीबी से काम कराना बंद करो, बीडीओ-सीओ की मनमानी नहीं चलेगी आदि नारे लगा रहे थे। जुलूस प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर धरना में तब्दील हो गया। धरना की अध्यक्षता युवा नेता पुरुषोत्तम यादव ने किया। धरना को संबोधित करते हुए भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि चंदवारा प्रखंड से लगभग एक हजार आवास वापस कर दिया गया। जो गरीबों का आशियाना बनता। लेकिन बीडीओ ने जानबूझ कर वापस कर दिया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कम. जोर कर दिया है, बजट में प्रत्येक वर्ष आवंटन में कटौती की जा रही है। जिससे झारखंड में लाखों मजदूरों का मजदूरी विगत 4 माह से बकाया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन एवं रूस की युद्ध में रूस दादागिरी कर रहा है, भारतीय छात्रों को युद्ध घोषणा होने के साथ ही स्वदेश लाना चाहिए था, कई देशों ने अपने-अपने छात्रों को वापस ले आए। लेकिन मोदी का प्रयास विफल रहा। अभी भी हजारों छात्र यूक्रेन में भूख एवं ठंड से तड़प रहे हैं। धरना को संबोधित करते हुए सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि जिले में अपराध की घटनाएं बढ़ रही है। अपराधी बेखौफ घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कोड. रमा पुलिस कप्तान मूक दर्शक बने हुए हैं। आने वाले होली जैसे बड़े त्यौहार में घटनाओं में वृद्धि हो सकती है। श्री रजक ने कहा कि जयनगर थाना प्रभारी के पास कोई पीड़ित महिला आवेदन लेकर न्याय की गुहार लगाती है तो उसको ठुकरा दिया जाता है। सतगावां थाना प्रभारी के द्वारा कमजोर व्यक्ति देखकर बेरहमी से पिटाई किया गया। जो घोर निंदनीय है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मांग करती है की ऐसे थाना प्रभारी को अभिलंब निलंबित किया जाय। नहीं तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन को तेज करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए युवा नेता पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि चंदवारा अंचलाधिकारी भ्रष्ट अंचलाधिकारी है गरीबों से जमीन अ०नलाइन एवं दाखिल खारिज आदि कामों में बिना रिश्वत का फाइल आगे नहीं बढ़ाता है। चंदवारा अंचल अधिकारी अपने व्यवहार में सुधार नहीं किए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय नौजवान प्रखंड अध्यक्ष बहादुर कुशवाहा ने कहा कि चंदवारा अंचलाधिकारी के खिलाफ पूरे प्रखंड में आम जनों के बीच आक्रोश है। धरना को महेश प्रसाद सिंह, जयनगर उप प्रमुख बिरेंद्र यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, दशरथ पासवान, धनपत यादव, कैलाश रजक, जयनगर अंचल मंत्री अर्जुन यादव, रामकृष्ण शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। धरना में छोटे लाल यादव, विश्वनाथ रविदास, रामेश्वर यादव, रमेश यादव, रामचंद्र यादव, सुभाष रजक, उमेश पा. सवान, उमेश रविदास, कुलेश्वर पंडित, हीरामन रजक, लक्ष्मण सिंह, भग. वान अगेरी, बसमतिया देवी, शांति देवी, रीता देवी, देवंती देवी, सुनीता देवी, हिरीया देवी, लाखो भुइँया, विश्वनाथ यादव आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन दशरथ पासवान ने किया।

## स्कॉट सर्विस के मामले में 4 गिरफ्तार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम कपका में एक विवाहिता ने गांव के ही 5 युवकों पर फोन पर गाली गलौज व धमकी देकर जबरन स्क०ट सर्विस के काम करने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में पीडिता गायत्री देवी पति पिन्टु मंडल साकिन कपका थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर प्राथमिकी के नामजद प०च अभियुक्तों के विरूद्ध पीडिता के माबाईल पर फोन कर अभद्र-अभद्र गाली-गलौज करने एवं पीडिता से स्क०ट सर्विश दिलाने हेतु जबरन दबाव देने एवं मना करने पर रंगदारी करने के आरोप में अंकित कराया गया है। बरकट्ठा थाना कांड संख्या-49/22 दिनांक 03.03.22 धारा-354(सी)/354 (डी) / 384/ 500/ 509/34 भा0द0वि0 अंकित कराने के उपरांत कांड के प्राथ. मिकी 1 जीतेन्द्र कुमार उर्फ चरका पिता हेमराज महतो 2 यमुना उर्फ टुकना तुरी पिता स्व0 सेवाली तुरी 3 अनिल कुमार पिता बीरबल महतो एवं 4. नकुल मंडल पिता मुंशी महतो सभी साकिन कपका थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। शेष बचे एक अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।



## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**



Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य

मतदान देकर भारी मतों से

विजयी बनाएं...!

सोच हमारी

विकास आपका



**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

नया सोच नया विकास

## भावी मुखिया उम्मीदवार

सोच हमारी विकास आपका

हमे सहयोग करें हम आपके सेवा में

आपके पंचायत का बेटा

## सुनिल गिरी

ग्राम पंचायत बेन्दगी







निवेदक:- श्री कमल गिरी


मोबाइल नं0 8521749112

सुनिल गिरी

भावी मुखिया उम्मीदवार

## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस









फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## बजट 2022 से राज्य कर्मियों में छाई मायूसी

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**बजरंगी महतो**



एनएमओपीएस के जिला संयोजक मुन्ना कुशवाहा ने बजट 2022 को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार में बैठे बड़े पदाधिकारी यह नहीं चाहते कि वर्तमान सरकार अपने चुनावी घोषणाओं को लागू करने वाली सरकार के रूप में जानी जाए। ।पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर माननीय मुख्यमंत्री जी का सदन में दिया गया बयान हतोत्सा. हित करने वाला है।जो पदाधिकारी स्वयं पुरानी पेंशन में हैं वे नई पेंशन को हितकारी बता रहे हैं ।पुरानी पेंशन बहाल करने से सरकार को सीधे वित्तीय लाभ, वर्तमान व्यवस्था में प्रत्येक वर्ष कर्मचारियों के नाम पर लगभग 1500 करोड़ रूपये केन्द्र के नियंत्रण में सौंपा जा रहा है जिसे राज्य के लोगों के लिए खर्च किया जा सकता है।'कर्मचारियों का सब्र टूट रहा है, केवल आश्वासनों पर वे अनंतकाल तक इंतजार नहीं कर सकत. ।आज झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ० रामेश्वर उरांव जी ने विधानसभा में बजट पेश किया। बजट को लेकर सरकारी कर्मच. ारियों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है ! पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन (छडव्वै) के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह का कहना है कि सरकार के इस तीसरे बजट से कर्मचारियों को काफी उम्मीदें थी इसी के तहत हम सब ने बजट सत्र से पूर्व माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात भी की तथा राजस्थान सरकार की भांति बजट सत्र में ही पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा करने का अपील किया था। माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा सकारात्मक आश्वासन देते हुए यह कहा गया कि हम आपके मुद्दे और अपने घोषणापत्र को लेकर गंभीर हैं शीघ्र ही इस दिशा में सक. ारात्मक निर्णय लेंगे । परंतु बजट को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान सरकार ने कर्मच. ारियों के इस अति महत्वपूर्ण माँग को अनदेखा किया है। आकलन के उपरांत हम विचार करेंगे' बेहद निराश करने वाला है राज्य के समस्त पेंशन विहीन कर्मचारी माननीय मुख्यमंत्री जी से यह जानना चाहते हैं के 'क्या उन्होंने इस मुद्दे को अपने घोषणापत्र में बिना किसी आकलन के ही शामिल कर लिया था ?और यदि आकलन करना ही था तो सरकार गठन के उपरांत लगभग ढाई वर्षो तक आकलन क्यों नहीं किया गया ? हम मानते हैं कि झारखंड सरकार के वर्तमान मुख्यमंत्री जन सरोकार से जुड़े हुए मुद्दे को लेकर संवेदनशील रहते हैं परंतु विधानसभा में उनके बय संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा की मुख्यमंत्री जी के आश्वासन पर अनंत काल तक इंतजार नहीं कर सकते माननीय मुख्यमंत्री जी ने शिष्टमंडल के समक्ष कहा था कि आप किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन ना करें आप सरकारी कार्यो में सहयोग करें, हम आपके मुद्दे को लेकर गंभीर हैं। हम सब उनका मान रखते हुए सरकार गठन के उपरांत से अभी तक किसी प्रकार के प्रदर्शन नहीं किए हैं । 'छडव्वै के गिरिडीह जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने कहा की पुरानी पेंशन हम कर्मच. ारियों शिक्षकों का हक है और सरकार को अपने वायदे के मुताबिक इसे तुरंत लागू करना चाहिए ! विभागिय पदाधिकारी नकारात्मक रवैया अपनाकर पेंशन विहीन कर्मचारियों को आंदोलन के लिए बाध्य कर रही है बल्कि एनपीएस के तहत सरकार के 14: तथा कर्मचारियों के 10: योगदान को राज्य के ला. ेगों के कल्याण में खर्च किया जा सकता है। नई पेंशन योजना पूंजी पतियों को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से लाया गया था इससे सरकार एवं कर्मचारी दोनों को नुकसान हो रहा है । एनएमओपीएस गिरिडीह के जिला कार्यकारिणी संरक्षक घनश्याम गोस्वामी मनोज रजक शमा परवीन इम्तियाज अहमद राजेंद्र प्रसाद प्रियंका माथुर अख्तर अंसारी विनोद कुमार यादव सहित जिले के हजारों एनपीएस कर्मियों ने बजट को लेकर निराशा जताई है।

## सरिया थाना क्षेत्र और पचम्बा थाना क्षेत्र में एक्साइज का ताबड़तोड़ छापा

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**बजरंगी महतो**





गुरुवार को अहले सुबह से देर शाम तक सरिया थाना क्षेत्र मुफसिल थाना क्षेत्र और पचम्बा थाना क्षेत्र में एक्साइज का ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय की अगुआई में चली। छापेमारी के दौरान सरिया थाना क्षेत्र से कसियाडीह के नारायण महतो पिता स्वर्गीय खेमलाल महतो और पचंबा थाना क्षेत्र से विजय कुमार पिता सुरेन्द्र प्रसाद गौशाला रोड पचम्बा को अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। छापेमारी अभियान के वारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि चिचाकी से पचास लीटर अवैध महूआ शराब बरामद किया गया, सरिया थाना क्षेत्र के कसियाडीह चढ़ियवा के नारायण महतो के चाउमीन होटल से एक दर्जन किंगफिशर बियर, तीन पेटी विभिन्न ब्रांडों के अंग्रेजी शराब बरमाद किया गया। सरिया और पचम्बा थाना क्षेत्र से लगभग सौ लिटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया। धंधेबाज मौके से भागने में सफल रहे। उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि अवैध शराब पीने से जानमाल की हानि होती है इसलिए इसे न पिएं साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नकली शराब बेचने और बनाने वाले की सूचना देने वाले को सरकार द्धारा घोषित प्रोत्साहन राशि दी जाएगी और उनका नाम गुप्त रखा जाएगा। छापेमारी अभियान में शस्त्र बल के अलावे गृह रक्षा वाहिनी जवान अजय सिंह, अयोध्या राय, सअनि मुनेश्वरलियांगी, सुरेंद्र यादव, जयदेवयादव, श्यामकिशोर प्रशाद यादव, प्रदीप पांडेय, रामबचन यादव शामिल रहे।

## पूर्व मंत्री हरिनारायण रश्चय को ग्रमीणों ने पुरजोर स्वगात किया गया।


**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**




सदर प्रखंड के बंदरकुप्पी चौक में पूर्व मंत्री हरि नारायण र०य का ग्रमीणों ने पुरजोर स्वागत किया।वे रांची से देवघर जा रहे थे । यह जब जानकारी ग्रमीणों को हुई तो उन्होंने बंदरकुप्पी चौक में ही पहले से फूल माला लेकर ग्रमीण तैयार थे उनके स्वगात में पूरे घटवार समाज भी खड़ा थी।अपने नेता की एक दर्शन के लिए।यह जानकारी गिरीडीह जिला उपाध्यक्ष रा. जेंद्र र०य ने दिया और कहा कि मंत्री हरिनारायण र०य देवघर जाने के कर्म में अपने समर्थकों से मिले।और ग्रमीणों का हा. ेशला बढ़्या ।और कहा कि अब हम और जोर से झारखंड में अपने घटवार समाज के आगे बढ़ाने का काम करेंगे।कियोकि झारखंड सरकार हमलोगों से ना. इंसाफी कर रही।हमलोगों को आदिवासी का दर्जा भी नही दी।अगर घटवार/घटवाल को आदिवासी का दर्जा नही दिया तो आने बाले दिनों में उग्र आंदोलन होगा। मौके पर घटवार आदिवासी महासभा अनिल र०य, गिरीडीह जिला उपाध्यक्ष रा. जेंद्र र०य, गिरीडीह प्रखंड अध्यक्ष संतोष र०य,जिला संयोजक सुरेश र०य, प्रकाश र०य, खेमन र०य, भीम र०य,आदि उपस्तित थे।

## जेएमएम को मिली भारी चंदे पर सुरेश साव ने लगाए गंभीर आरोप

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**बजरंगी महतो**




जेएमएम की स्थापना दिवस को लेकर सरकारी विभाग और पदाधिकारियों द्वारा दी गई चंदे की भारी भरकम राशि सोशल मीडिया पर हो रही है वायरल उठ रहे हैं कई सवाल
प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा झारखंड के सुरेश साव का कहना है कि प्रत्येक वर्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का स्थापना दिवस मनाती है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने और संगठन को विस्तार करने हेतु पार्टी का स्थापना दिवस मनाना चाहिये इसमें कोई वि. संगतियां नहीं है। लेकिन स्थापना दिवस के नाम पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना अनुचित है और उस भ्रष्टाचार में सरकारी पदा. धिकारियों एवं सरकारी व्यवस्था का इस्तेमाल करने से सीधे सीधे राज्य की जनता प्रभावित होती है। 04 मार्च को गिरिडीह जिला के सभी प्रखण्डों में स्थापना दिवस मनाया जा रहा है और इस स्थापना दिवस के नाम पर सरकारी विभाग (गिरिडीह नगर निगम कार्यालय) से 2,01,000/- (दो लाख एक हज़ार रुपये) का चन्दा तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी, गावां से 50,000/- (पचास हज़ार रूपये) का जबरन चन्दा लिया गया है। चन्दा के नाम पर मोटी रकम की उगाही कर जेएमएम कार्यकर्ताओं द्वारा सीधे सीधे भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसा कुकृत्य किया गया है। सरकारी कर्मी या सरकारी विभाग से किये गए इस चन्दा का प्रभाव और बोझ जनता पर ही पड़ेगी। सरकार खुद सरक. ारी कर्मी को भ्रष्टाचारी बना रही है। जरा सोंचिये, जिस सरकारी कर्मी या विभाग ने इतना मोटा रकम चन्दा के नाम पर दिया है उसे वसूलने के लिए संबंधित पदाधिकारी किसकी जेब काटेगा ? जाहिर है कि 2 लाख या 50 हज़ार चन्दा के बदले मनमाने तरीके से जनता से ही घुस लेगा। बताईये, सरकार के इस कृत्य से नुकसान किसका होगा ? उस सरकारी कर्मी का, सरकार का या राज्य की जनता का ? गौर करने की बात है कि चन्दा रसीद का ये नमूना केवल गिरिडीह जिला का है और स्थापना दिवस राज्य के 24 जिलों में मनाया जाता है। अगर सभी जिलों में चन्दा लेने का प्रारूप यही है तो स्थिति कितनी भयावह है इस बात का अंदाज़ा लगाया जा सकता है
इस मामले को लेकर जब संबंधित विभाग और बीडीओ से जानकारी लेनी चाही तो दोनों ने ही इस विषय को लेकर अनभिज्ञता जाहिर की। नगर निगम आधिकारी का कहना था कि चंदा के लिए जेएमएम कार्यकर्ता आए थे लेकिन इतनी बड़ी राशि की मांग नही की गई है। वहीं बीडीओ ने इस मामले को लेकर अनभिज्ञता जताई।

## सैकड़ों के संख्या में झामुमो कार्यकर्ता स्थापना दिवस समारोह के लिए हुए रवाना

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा से शुक्रवार को झामुमो प्रखंड कार्यसमिति के सदस्यों व पंचायत स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण सैकड़ों की संख्या में गिरिडीह स्थित झंडा मैदान में होने वाली स्थापना दिवस समारोह के लिए रवाना हो गए। उक्त संबंध में 20 सूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि आज हम लोग स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। समारोह में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष सह गुरुजी शिबू सोरेन उपस्थित होंगे। वही गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक सरफराज अहमद, धनवार पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन समेत कई कद्दावर नेता उपस्थित होंगे जिसमें गावा पटना माल्डा सेरूआ अमतोरो बिरने मंझने आदि 17 पंचायत के कार्यकर्ता व पदाधिकारी ढोल नगाड़ों के साथ झारखंडी विधि- विधान के साथ गांवा झामुमो प्रखंड मुख्यालय से रवाना हो रहे हैं। इस बीच कार्यकर्ताओं व पदा. धिकारियों के बीच हर्ष का माहौल देखा गया। मौके पर मुख्य रूप से विनय सिन्हा, प्रदीप सिंह, शिबू सिंह, कैलाश सिंह, जन्नतुल फिरदौस, 20 सूत्री सदस्य सोनू कुमार आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उप. स्थित थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ में एकता परिषद द्वारा दो दिवसीय कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन

## प्रतिभागियों को वनाधिकार समेत अन्य नागरिक अधिकारों की मिली जानकारी

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**


विष्णुगढ़ में कानूनी साक्षरता शिविर में प्रतिभागी एवं प्रशिक्षक

प्रखंड के भेलवारा पंचायत भवन सभागार में दो दिवसीय कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विष्णुगढ़ के अलावा टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत बीस गांवों के करीब 60 युवा प्रतिभागी शामिल हुए। एकता परिषद के तत्वाधान में आयोजित शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। समापन सत्र में जिला संयोजक चुनुलाल सोरेन ने कहा की भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। इसमें देश के नागरिकों के हित में कई कानून सूचीबद्ध हैं। जागरूकता के अभाव में हम उसका लाभ नहीं ले पाते हैं। कहा कि अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए हमें कानूनी जानकारी आवश्यक रूप से होनी चाहिए। जागरूकता के बिना अधिकारों को प्राप्त करने में भी समस्या होगी। प्रशिक्षकों ने लोगों को सूचना का अधिकार कानून, अनुसूचित जाति व जनजाति उत्पीड़न निवारण अधिनियम, भोजन व शिक्षा का अधिकार तथा वनाधिकार अधिनियम 2006 की विस्तार से जानकारी दी। राज्य संयोजक सरयू प्रसाद ने वनाधिकार कानून के बारे में कहा कि इस कानून के लागू होने के आज 14 वर्षों के बाद भी दशकों से वन क्षेत्र में निवास करने एवं वनोपज पर आश्रितों को उक्त कानून के लाभ एवं अधिकार से वंचित रखा गया है। कहा कि सभी कानून के प्रति जागरूक बने एवं सरकार के समक्ष अपनी आवाज को बुलंद करें। इस शिविर में बतौर प्रशिक्षक रामाधीन तिवारी ने दोनों सत्रों में प्रतिभागियों को अलग-अलग कानूनी विषयों पर जानकारियां दी। मौके पर एकता परिषद के सक्रिय सदस्य ननकी देवी, लालजी मांझी, मीना देवी, सिमोती देवी, मनीषा कुमारी, पार्वती टुडू, अनिता टुडू, सरिता हंसदा, अर्जुन बेसरा, सुरेश टुडू समेत कई प्रतिभागी मौजूद थे।

## विडीयो कांफ्रेंसिंग से चुनाव आयुक्त ने बी डी ओ सहित पर्यवेक्षकों को दिया निर्देश

## वोटर आई डी और लिस्ट में रंगीन फोटो लगवाने का दिया निर्देश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



शुक्रवार को राज्य चुनाव आयुक्त ने प्रखण्ड स्तर में मतदान में लगे पर्यवीक्षकों को विडीयो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची से सम्बंधित कई तरह के दिशा निर्देश दिए।चुनाव आयुक्त के इस निर्देश पर शुक्रवार को बी डी ओ हुलास महतो सहित प्रखण्ड से सभी पंचायत के पर्यवेक्षकों ने भाग लेकर चुनाव से सम्बंधित अन्य बिन्दुओ को समझा।सभी को बताया गया कि जिनका वोटर लिस्ट या वोटर पहचान पत्र में नाम है और उसका फोटो ब्लैक एंड व्हाइट है वैसे मतदाता का रंगीन फोटो लेकर अ०न लाइन करावें।वहीं जिनका नाम वोटर लिस्ट में दो जगहों पर है उसका एक जगह से नाम डिलीट करें।जिनका नाम दो जगहों पर नाम रहेगा वो मतदान से वंचित रह सकता है।चुकी एक जगह से नाम बीएलओ हटाएंगे और कही दूसरे जगह पर से भी नाम हट गया तो निश्चित रूप से मतदान से वंचित रह सकते हैं।वहीं डबल फोटो जिनका वोटर लिस्ट में नाम है उनका एक फोटो हटाने का निर्देश दिया गया।मीटिंग में बी डी ओ हुलास महतो के अलावा प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी सतीश कुमार सिन्हा,विनय चौधरी,नवीन तिर्की,यदुनंदन पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## BEOने किया एफ एल एम प्रशिक्षण का निरीक्षण

## शिक्षकों को बेहतर तरीके से बच्चो को पढ़ाने का सिखाया गुर

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



प्रखंड के राजपुर मध्य विद्यालय में शिक्षकों को दिए जा रहे चार दिवसीय एफ एल एम प्रशिक्षण का निरिक्षण किया गया। निरिक्षण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने किया, बीएओ ने प्रशिक्षकों को निर्देश देते हुवे कहां की प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों को बुनियादी प्रशिक्षण दें,जिसके माध्यम से शिक्षक स्कूलों में जा कर बच्चों को गुणवाता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर सके। साथ ही प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों को भी सत प्रतिशत प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही,ज्ञात हो की प्रखंड के सभी शिक्षकों को एफ एल एम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इसी कड़ी में प्रशिक्षण के दूसरी बैच में कुल 88 शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे है।प्रशिक्षण का प्रा. रम्भ 2 मार्च से प्रारम्भ किया गया है, जो छः मार्च तक चलेगी।मौके पर बी पी ओ सूरज उरांव, रामाधिन यादव, नवल किशोर झा, कृ ष्णा पासवान,गोपीचंद राम दीपक शर्मा, समेत कई लोग मौजूद थे

## बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटा अपराधी गिरफ्तार ।

## एसपी को मिली गुप्त सूचना पर प्रतापपुर पुलिस ने की कार्रवाई

**अपेम लाइव : प्रतापपुर**
**कुमार चंदन**





प्रतापपुर : एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रता. पुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मझगांव गांव से गुड्डू भारती अपराधी को गिरफ्तार किया है। चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया की गुप्त सूचना के आधार पर प्रतापपुर थाना अन्तर्गत ग्राम मंझगाँवा निवासी गुड्डु भारती पिता दुखी भारती के घर पर छापामारी कर अवैध देशी कट्टा एवं दो जिन्दा कारतुस जप्त किया गया। तथा जप्त अवैध अग्नेयास्त्र के साथ गुड्डु भारती को रंगे हाथ गिरफ्तार कर प्रतापपुर थाना कांड संख्या 28/22 दर्ज कर की गई है।गिरफ्तार अभियुक्त में गुड्डु भारती उम्र 20 वर्ष पिता दुखी भारती मंझगाँवा थाना प्रतापपुर जिला चतरा निवासी शामिल है।वही बरामद सामग्रियों में लोहे का बना एक देशी कट्टा , 315 का दो जिन्दा कारतुस जिसके पेन्दे पर 8 एमएम के एफ लिखा हुआ । छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी / पुलिसकर्मीयो में पुअनि विनोद कुमार थाना प्रभारी प्रतापपुर थाना ,पुअनि सत्यवान कुंभकार प्रतापपुर थाना , सअनि नरेन्द्र प्रसाद मेहता एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

